आईआईएम रांची में स्मार्ट भारत इनोवेशन चैलेंज का आयोजन

स्टार्टअप स्थापित करने की बारीकियों को जाना

रांची | प्रमुख संवाददाता

आईआईएम रांची के एंटरप्रेन्योरशिप क्लब, ई-सेल व एकल एडवाइजरी की ओर से शनिवार को स्मार्ट भारत इनोवेशन चैलेंज 2018-19 का आयोजन किया गया। यह राजस्व-उत्पादक, नवाचार, तकनीकयुक्त स्टार्टअप की पहचान करने के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का मंच है। इसमें भारत में स्टार्टअप और उभरते व्यवसायों को सक्षम बनाने के लिए निवेशकों, भावी ग्राहकों, उद्योग निवेशकों आदि के साथ भागीदारी कर उनके विकास में तेजी लाने की संभावनाओं पर बात की गई।

इस इनोवेशन चैलेंज में नवोदित स्टार्टअप झारफार्म, शिल्पकरी, रिऑन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, एस गारबेज, हैप्पी फोर्क फूड वर्क्स एलएलपी, रेकला डॉट इन, मेनोवा डिजिटल सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, ब्रेकफास्ट फूड एंड लिविंग आर्ट प्राइवेट लिमिटेड, फीडको एग्रो कार्ट प्राइवेट लिमिटेड, व अन्य के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने निवेशकों को अपने स्टार्टअप विचारों से अवगत कराया। यह कार्यक्रम कई प्रसिद्ध कंपनियों और उपक्रमों- 366 पीआई, अस्वैक्टिनेट, ब्रांडशूट्स, एक्यू वेंचर्स, 10000 स्टार्टअप्स, यूनिटस वेंचर्स आदि के साथ साझेदारी में आयोजित किया गया था।

पैनल चर्चा में पूछे गए कई सवाल

आईआईएम रांची की ओर से निर्णायक मंडली में विक्रम दुग्गल, दीपक अग्रवाल, अमितेश आनंद, वेंकटेश, राघव गरोडिया और कनिष्क पोद्दार शामिल थे। पैनल चर्चा में कई सवाल भी पूछे गए। प्रतिभागियों को यह बताया गया कि एक स्टार्टअप स्थापित करने के लिए प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक पर जोर देने के लिए क्या करना चाहिए। इसके अलावा स्टार्टअप के लिए मार्केटिंग गतिविधियां कैसे करें, क्या साझेदारों को समान पृष्ठभूमि से होना चाहिए या नहीं, टीम कैसे बनाएं व मार्केटिंग की रणनीतियां क्या हों, जैसे सवाल पूछे गए। ई-सेल के समन्वयक और एमबीए 2020 बैच के छात्र, मोहम्मद अनीश ने कहा कि ई-सेल का उद्देश्य छात्रों को स्टार्टअप इकोसिस्टम से अवगत कराना है। ई-सेल के वरिष्ठ समन्वयक, अंकित सिंह, ने कहा कि प्रतिभागियों ने राजस्व के प्रबंधन पर अपने अनुभव से सीखा, अपने उत्पाद का विपणन किया। साथ ही, एक अपने उत्पादों की मार्केटिंग व फंडिंग की संभावनाओं को जाना।

Hindustan, 06.01.2019, Pg. 20